

# आगजनी पीड़ितों के बीच पहुंचीं सांसद

▶ सांसद माया नरोलिया ने 50 हजार रुपये की सहायता दी



**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम, 2 जून . जयस्तंभ चौक पर हुई आगजनी की घटना के बाद राज्यसभा सदस्य माया नरोलिया ने प्रभावित व्यापारिक प्रतिष्ठान का आकस्मिक निरीक्षण कर नुकसान का जायजा लिया. उन्होंने पीड़ित व्यवसायी और उनके परिजनों से मुलाकात कर संवेदनाएं व्यक्त कीं तथा हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया.**

निरीक्षण के दौरान राज्यसभा सदस्य ने आगजनी से प्रभावित परिवार को राहत और पुनर्वास के लिए 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की. उनके आग्रह पर क्षेत्र के कॉलोनाइजर लक्ष्मण बैस ने भी आगे आते हुए पीड़ित पक्ष को 25 हजार रुपये की सहयोग राशि प्रदान की. माया नारोलिया ने कहा कि अग्नि दुर्घटना से व्यापारियों पर आया संकट अत्यंत दुखद है. व्यापारिक नुकसान की पूरी भरपाई संभव नहीं है, लेकिन प्रभावित परिवार को फिर से खड़ा करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे.

उन्होंने पीड़ित परिवार को धैर्य बनाए रखने की सलाह देते हुए कहा कि समाज और जनप्रतिनिधियों का सहयोग उनके साथ है. व्यापारिक और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी पीड़ित परिवार के प्रति समर्थन व्यक्त किया. निरीक्षण के समय व्यापारी महासंघ अध्यक्ष महेंद्र चौकसे, समाजसेवी अजय सैनी, मंडल अध्यक्ष रूपेश राजपूत, विक्रांत चौकसे, मुन्ना पठान, नीरज पराशर, गोपाल चौरे सहित जनप्रतिनिधिऔर पीड़ित परिवार के सदस्य उपस्थित रहे.

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप, गिरफ्तार

**नर्मदापुरम.** शहर के एक निजी हार्ट केयर अस्पताल में कार्यरत महिला कर्मचारी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने उसके सहकर्मी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. महिला ने आरोपी पर शादी का झांसा देकर लंबे समय तक शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया है. कोतवाली थाना प्रभारी कंचन सिंह ठाकुर के अनुसार आरोपी मुकेश बकोरिया, संजयनगर निवासी है और पीड़िता के साथ उसी निजी अस्पताल में कार्यरत था. पीड़िता ने 31 मई को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की और मंगलवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. शिकायत के अनुसार पीड़िता पिछले पांच वर्षों से अपने पति से अलग रह रही है.

# संविदा कर्मियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

▶ मांगों को लेकर आंदोलन की राह पर कर्मचारी संगठन




**नर्मदापुरम, 2 जून . राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत प्रदेशभर के लगभग 32 हजार संविदा कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन शुरू कर दिया है. इस आंदोलन में नर्मदापुरम जिले के कर्मचारी भी सक्रिय रूप से शामिल हैं और अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन कर रहे हैं.**

संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, मध्य प्रदेश के अनुसार यदि आगामी 20 दिनों के भीतर मांगों का समाधान नहीं किया गया, तो प्रदेशव्यापी आंदोलन को और तेज किया जाएगा. संघ का कहना है कि स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन में संविदा कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और उनके योगदान से प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर कई सम्मान भी प्राप्त हुए हैं, बावजूद इसके कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण नहीं हो रहा है. संघ ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री की उपस्थिति में उनकी मांगों पर सहमति बनने के बाद भी करीब एक वर्ष बीत जाने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई. इससे कर्मचारियों में असंतोष लगातार बढ़ रहा है.

**कर्मचारियों की प्रमुख मांगें**

सभी संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण किया जाए. वर्ष 2023 की नीति के अनुसार एनपीएस और स्वास्थ्य बीमा सुविधा लागू की जाए. अन्य राज्यों की तर्ज पर 10 प्रतिशत वार्षिक वेतनवृद्धि दी जाए. नियमित कर्मचारियों के समान महंगाई भत्ता प्रदान किया जाए.

कार्यसमिति के निर्णय के तहत अब आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जा रहा है.

# जल परख अभियान से पेयजल की जांच




**हरदा, 02 जून. कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशन में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा 'हमारा गांव हमारी जिम्मेदारी, जल परख में हमारी हिस्सेदारी' अभियान संचालित किया जा रहा है.**

मई माह से शुरू हुई इस मुहिम के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में जल स्त्रोतों, स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों के पानी की गुणवत्ता की जांच की जा रही है, ताकि लोगों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सके. कार्यपालन यंत्री बी.आर. उईके ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य दूषित पानी से होने वाली बीमारियों की रोकथाम तथा जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक सुरक्षित पेयजल पहुंचाना है. इसके लिए विभाग ने कॉल सेंटर भी स्थापित किया है, जिसके माध्यम से पंचायतों और आंगनबाड़ी केंद्रों को अभियान से जोड़ा जा रहा है.

अभियान में सरपंच, सचिव, आशा कार्यकर्ता और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है. मंगलवार को ग्राम आलमपुर और भादुगांव सहित कई गांवों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने जल परीक्षण कर ग्रामीणों को जल गुणवत्ता के प्रति जागरूक किया. पलासनेर, नहाड़िया, रहटाकला, बहराखेड़ी, सोडलपुर, भादुगांव, आलमपुर और बरुडघाट सहित अनेक गांवों में यह अभियान लगातार चल रहा है.

## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण में नशा मुक्ति की शपथ ली

**पिपरिया.** विश्व तंबाकू दिवस के अवसर पर खिलाडियो ने नशामुक्ति की शपथ ली. विश्व तंबाकू दिवस के अवसर पर आरएनए उत्कृष्ठ विद्यालय खेल मैदान पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आरोह 2026 मे घटक परिवार संघ फुटबाल खेली गई. इस दौरान परिवार की सहभागिता खेल मैदान पर देखने भारी तादाद में लोग उपस्थित रहे. इस दौरान परिजनो ने खिलाडियो की खेल गतिविधियो एवं अभ्यास को भी देखा उसके बाद खेल गतिविधियों में पालको ने बच्चो के साथ फुटबाल मैच का अभ्यास किया. खिलाडियो को जुंबा डांस भी कराया गया. अंत में खिलाडियों व पालको ने नशा मुक्ति की शपथ ली.

# राष्ट्रीय प्रतियोगिता में यश बाथरे ने जीता गोल्ड मेडल

**नर्मदापुरम, 2 जून. अहमदाबाद में जारी 15वीं मार्डेन पेंटाथलान प्रतियोगिता में नगर के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी यश बाथरे ने प्रतियोगिता के दूसरे दिन गोल्ड मेडल जीता.**




यश ने विगत वर्षों में मार्डेन पेंटाथलान वल्ड चैंपियनशिप सहित अन्य प्रतियोगिताओं में भाग लिया है. वर्तमान में वह पूना में प्रशिक्षण ले रहे है जिससे आगामी एशियाई खेल में उसका चयन होना संभावित है. यश बाथरे की इस सफलता पर चैयरमेन व विधायक विजयपाल सिंह एवं यश के प्रथम गुरू उमाशंकर व्यास सहित जिलाध्यक्ष राजेन्द्र उपाध्याय, मनोहर सराठे, मुकुल गुप्ता, कमलेश बाथरे, मनीष परदेशी, मदनलाल डोंगरे, धीरेन्द्र मिश्रा एवं बीरेन्द्र यादव सहित अनेक खेल प्रेमियों ने हर्ष जताया है.

## समान नागरिक संहिता लागू करने की तैयारी

**हरदा.** मध्य प्रदेश सरकार ने प्रदेश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने की दिशा में प्रक्रिया शुरू कर दी है. इसके लिए राज्य सरकार द्वारा एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है, जिसकी अध्यक्षता सर्वोच्च न्यायालय के एक पूर्व न्यायाधीश कर रहे हैं. समिति में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों और विद्वानों को भी शामिल किया गया है. समिति प्रदेश के विभिन्न जिलों में जाकर अलग-अलग धर्मों और समुदायों के लोगों से संवाद कर उनके सुझाव एवं विचार प्राप्त करेगी. इसका उद्देश्य व्यापक जनभागीदारी के साथ यूसीसी को लेकर राय जुटाना है. समिति के सचिव अजय कटेसरिया ने प्रदेशवासियों से समान नागरिक संहिता के संबंध में सुझाव देने की अपील की है.

# मोबाइल अपडेट करते समय साइबर फ्रॉड, खाते से 99,999 रुपये गायब

**नर्मदापुरम, 02 जून. इंटरनेट के ज़माने में चुटकी बजाते ही काम क्या आसान हुए.मानो मोबाइल और लेपटॉप मैं पूरी दुनिया ही समा गई हो, लेकिन इस आभासी दुनिया में इंटरनेट से लुटेरे लोगों का सुख-चैन छीन रहे हैं.**

एक क्लिक से आप दुनिया की छोटी से बड़ी जानकारी जुटा सकते है, लेकिन एक गलत क्लिक आपका बैंक बेलेंस खाली कर सकता है. ऐसा ही एक मामला देहात थाना क्षेत्र में साइबर फ्रॉड का आया है, जिसमें एक युवक के बैंक खाते से 99,999 रुपये की रकम किसी अज्ञात खाते में ट्रांसफर कर ली गई. पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. फरियादी शुभम अवस्थी 30 वर्ष, निवासी न्यू हाउसिंग कॉलोनी, सरस्वती स्कूल के सामने, ने देहात थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि 29 मई को उनका मोबाइल फोन अपडेट मांग रहा था. इस दौरान उन्होंने मोबाइल का सिम निकाल दिया और बाद में घर पहुंचकर मोबाइल को वाई-फाई से कनेक्ट कर चालू किया.मोबाइल चालू करने के कुछ समय बाद उन्हें पता चला कि उनके पंजाब नेशनल बैंक खाते से 99,999 रुपये किसी अन्य खाते में ट्रांसफर हो चके हैं. घटना की जानकारी मिलने पर शुभम ने 1 जून को देहात थाने पहुंचकर धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने मामला दर्ज कर साइबर फ्रॉड की जांच शुरू कर दी है. यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि ठगों ने बैंक खाते तक पहुंच कैसे बनाई.

### एक नजर में

## मनरेगा की पहल से डगवेल रिचार्ज से मिला पानी



**हरदा.** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मनरेगा से किए गए डगवेल रिचार्ज कार्य ने किसान गरीबदास श्यामलाल के जीवन में बड़ा बदलाव लाया है. सिंचाई के लिए पानी की कमी से जूझ रहे किसान को अब पूरे वर्ष पर्याप्त जल उपलब्ध हो रहा है, जिससे खेती की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है. वर्षों से कृषि पर निर्भर गरीबदास को भूजल स्तर गिरने और गर्मियों में कुएं के सूखने की समस्या का सामना करना पड़ता था. इससे फसल उत्पादन प्रभावित होता था और खेती की लागत बढ़ जाती थी. वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा के तहत उनके खेत में डगवेल रिचार्ज कार्य स्वीकृत किया गया. रिचार्ज पिट, फिल्टर सामग्री और जल निकासी व्यवस्था के माध्यम से वर्षा जल का संचयन कर भूजल स्तर बढ़ाने का कार्य किया गया. इस संरचना के निर्माण के बाद वर्षा का पानी भूगर्भ में पहुंचने लगा और कुएं का जलस्तर बढ़ गया. अब गर्मी के मौसम में भी कुएं में पर्याप्त पानी उपलब्ध रहता है, जिससे सिंचाई नियमित रूप से हो रही है.

## मानवीय कार्य के लिये मानिकसिंह बट्टी हुए सम्मानित

**पिपरिया.** मंगलवारा थाने के अंतर्गत एसआई मानिकसिंह बट्टी द्वारा मानवीय कार्य और कर्तव्य निष्ठा के लिये पुलिस अधीक्षक ने सम्मानित किया. मंगलवारा थाने के एसआई मानिकसिह बट्टी हमेशा कार्य के प्रति सजग रहे है. 29 मई को एक प्रकरण में जांच हेतु खापरखेडा जा रहे थे उसी दौरान ग्राम झील पिपरिया के आगे मेनरोड के किनारे कटीली झाडियो में एक मोटरसाइकिल एवं दो व्यक्ति फंसे हुए एवं तडपते हुए दिखने पर आपके द्वारा तत्काल रूककर राहगिरो की मदद से दोनो घायल कल्लू ठाकुर 38 वर्ष,साविर अली 60 वर्ष दोनो निवासी खापरखेडा को शासकीय चिकित्सालय पहुंचाया. घायल दोनो व्यक्ति स्वस्थ है. पुलिस अधीक्षक सांईकृष्णा थोटा द्वारा प्रशस्ति पत्र से एसआई मानिकसिंह बट्टी को सम्मानित किया.

# अब ई-विकास पोर्टल से होगा उर्वरक वितरण

▶ टोकन के बिना अब किसानों को नहीं मिलेगी खाद

**नर्मदापुरम, 2 जून . खरीफ सीजन 2026 के लिए जिले में उर्वरक वितरण व्यवस्था को पारदर्शी और सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से प्रशासन ने नई व्यवस्था लागू की है.**

अब किसानों को खाद केवल ई-विकास पोर्टल के माध्यम से जारी टोकन के आधार पर ही उपलब्ध कराई जाएगी. टोकन प्राप्त करने वाले किसानों को प्राथमिकता के क्रम में उर्वरकों का वितरण किया जाएगा. बैठक में जानकारी दी गई कि सभी सहकारी समितियों, विपणन संघ के डबल लॉक केंद्रों, विपणन सहकारी समितियों, एमपी एग्रो केंद्रों और निजी उर्वरक विक्रेताओं के पास पर्याप्त स्टॉक मौजूद है. तत्काल खाद की आवश्यकता कम होने के कारण उर्वरकों का उठाव भी सीमित है. अधिकारियों के अनुसार जिले में उर्वरक आपूर्ति के लिए विपणन संघ और निजी संस्थाएं संयुक्त रूप से कार्य कर रही हैं.

> जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन ने खरीफ तैयारियों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि खाद वितरण के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या भीड़भाड़ की स्थिति नहीं बननी चाहिए. उन्होंने बताया कि जिले में वर्तमान में डीएपी और एनपीके उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं तथा किसानों को आवश्यकता अनुसार खाद उपलब्ध कराई जाएगी.

# 5 से 21 तक सेवा अभियान

**नर्मदापुरम, 2 जून . केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा 5 जून से 21 जून तक जिलेभर में सेवा अभियान चलाएगी.**

अभियान के माध्यम से केंद्र सरकार की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा. शुरुआत 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस से होगी. इसके तहत 'एक पेड़ मां के नाम'अभियान, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण गतिविधियां और पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला के मार्गदर्शन में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के लिए विभिन्न टोलियों का गठन किया गया है. टोली संयोजक एवं जिला महामंत्री कुंवर सिंह यादव ने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए 5 जून को मंडल स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम के लिए जिला महामंत्री ज्योति चौरे, जिला उपाध्यक्ष राजेश गौर, भूपेंद्र चौकसे, लता पटेल और सुरेंद्र रघुवंशी को जिम्मेदारी सौंपी गई है.

## सांदीपनी स्कूल में समर कैंप का आयोजन हुआ

**पिपरिया.** सांदीपनी शासकीय आरएनए उत्कृष्ठ विद्यालय में समर केम्प का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों को अनेको जानकारियां दी गई. सांदीपनी शासकीय आरएनए उत्कृष्ठ उ.मा.वि. में 1 जून तक समर केम्प का आयोजन किया गया. प्राचार्य संजीव दुबे के मार्गदर्शन में शिक्षको ने सहभागिता की व समर केम्प के समापन अवसर पर प्राचार्य संजीव दुबे द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्पमाला समर्पित कर दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया. विद्यार्थियों ने ध्यान, योग, व्यायाम, नियम, संयम, आचार, विचार, जनजातीय कला, हमारी पहचान, प्रकृति संरक्षण, स्पोकन इंग्लिश, अभिव्यक्ति, साहित्य,संगीत,अभिनय,नृत्य,चित्र कला,वर्लीआर्ट,साइबर सुरक्षा, सामाजिक एवं भावनात्मक समझ,आर्ट एंड क्राफ्ट,जुंबा नृत्य,लीडरशीप, संगठन शक्ति, डिजिटल पुलस का चित्रांकन, वेस्ट ऑउट ऑफ बेस्ट, प्राचीनकलात्मक शिल्प,कबाड से जुगाड़,कम्प्यूटर का वेशिक ज्ञान, आईसीटी लेब के द्वारा प्रश्नोत्तर, क्लेआर्ट से सुंदर आकृतियां, सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण, कौशल और सृजनात्मकता, फ्यूचर क्रिएटर्स लेब, एआई एवं डिजिटल आदि का प्रशिक्षण लिया.

# युवक से 9 ग्राम एमडी पाउडर जब्त

**हरदा. सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 9.06 ग्राम एमडी पाउडर बरामद किया है. जब्त मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत 96,500 रुपये बताई गई है.**



थाना प्रभारी रोशन लाल भारती ने बताया कि 1 जून की रात पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त और संदिग्ध व्यक्तियों की जांच कर रही थी. इसी दौरान उड़ा क्षेत्र के पास फोरलेन रेलवे पुलिया के नीचे एक युवक बाइक के साथ संदिग्ध अवस्था में खड़ा मिला. पूछताछ और तलाशी के दौरान उसके पास से एमडी पाउडर बरामद हुआ. पुलिस ने आरोपी की पहचान कुसुमकुंज कॉलोनी निवासी 30 वर्षीय अंकित जाट के रूप में की है. उसके कब्जे से बरामद एमडी पाउडर के साथ लगभग 60 हजार रुपये मूल्य की बजाज मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है.

# नर्मदापुरम में बारेलाल का भव्य स्वागत

**नर्मदापुरम, 02 जून. अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य बारेलाल अहिरवार का सोमवार को अल्प प्रवास पर नर्मदापुरम आगमन हुआ.**



उनके सर्किट हाउस पहुंचने पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष दिनेश चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पुष्पमालाओं और अभिनंदन के साथ उनका स्वागत किया. कार्यकर्ताओं ने संगठनात्मक गतिविधियों, सामाजिक सरोकारों और सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर चर्चा की. बारेलाल अहिरवार ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा समाज के विभिन्न वर्गों के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है. समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं की जानकारी और लाभ पहुंचाने के लिए जमीनी स्तर पर निरंतर प्रयास आवश्यक हैं. उन्होंने कार्यकर्ताओं से सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने, समाज के कमजोर वर्गों की समस्याओं को समझने और उनके समाधान के लिए सक्रिय रहने का आह्वान किया.

**जनसुनवाई** ▶ ग्रामीणों और नागरिकों ने अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं

# कलेक्टर ने पांच शिकायतों का मौके पर किया समाधान

**सिवनी मालवा, 2 जून . एसडीएम कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में नगर और ग्रामीण क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं.**




जनसुनवाई में एसडीएम विजय रॉय ने शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए. जनसुनवाई के दौरान कुल 15 शिकायत आवेदन प्राप्त हुए. इनमें राजस्व विभाग से संबंधित 7, मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी से जुड़े 4 तथा जनपद पंचायत सिवनी मालवा के 4 आवेदन शामिल रहे. भूमि विवाद, नामांतरण, सीमांकन, बिजली बिल और ग्रामीण विकास योजनाओं से जुड़े मामलों को प्रमुखता से उठाया गया.

एसडीएम विजय रॉय ने पांच मामलों का मौके पर ही निराकरण कर आवेदकों को राहत प्रदान की. इनमें राजस्व विभाग के दो, जनपद पंचायत के दो तथा बिजली कंपनी का एक प्रकरण शामिल था. त्वरित समाधान मिलने पर आवेदकों ने प्रशासन की कार्यप्रणाली की सराहना की. एसडीएम विजय रॉय ने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करना है. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निपटारा कर आवेदको को सूचित भी करें.

## अधिकारियों ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं



**हरदा.** जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ जोनाथन ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित 'जनसुनवाई' कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए. इस अवसर पर अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, एसडीएम हरदा अशोक डहेरिया, एसडीएम टिमरनी संजीव नागू, एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे. जनसुनवाई में ग्राम मुहालकला निवासी निर्भयदास गुर्जर ने आवेदन देकर नहर निर्माण के उपरान्त भी मुआवजा राशि प्राप्त न होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर एसडीएम खिरकिया को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये. ग्राम कोलीपुरा निवासी राजेन्द्र सिंह व अमरसिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना की दूसरी किश्त प्राप्त न होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये.

# कंचन ठाकुर को मिलेगा केएफ रुस्तमजी पुरस्कार

▶ अपनी जान जोखिम में डालकर मासूम को बचाया

**नर्मदापुरम, 2 जून . नर्मदापुरम कोतवाली थाना प्रभारी कंचन सिंह ठाकुर को उनकी असाधारण बहादुरी, सूझबूझ और कर्तव्यनिष्ठा के लिए पुलिस विभाग के सर्वोच्च सम्मानों में शामिल केएफ रुस्तमजी पुरस्कार की परम विशिष्ट सम्मान श्रेणी से सम्मानित किया जाएगा.**



यह सम्मान उन्हें एक सात वर्षीय अपहृत बच्ची को सुरक्षित बचाने और आरोपियों को गिरफ्तार करने में निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका के लिए दिया जा रहा है. वर्ष 2024 में सीहोर जिले के इच्छावर थाने में पदस्थ रहते हुए उनके सामने एक सात वर्षीय बच्ची के अपहरण का चुनौतीपूर्ण मामला आया था. घटना की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने तत्काल विशेष टीम गठित कर स्वयं अभियान का नेतृत्व संभाला. जांच में पता चला कि आरोपी बच्ची को गुना-शिवपुरी क्षेत्र की ओर ले गए हैं.

टीआई कंचन सिंह ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दिन-रात मेहनत करते हुए महज 24 घंटे के भीतर करीब 300 किलोमीटर दूर शिवपुरी पहुंचकर दबिश दी. कार्रवाई के दौरान सभी 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया और मासूम बच्ची को सुरक्षित मुक्त करा लिया गया. बाद में न्यायालय ने सभी दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई. यह उपलब्धि केवल एक सफल पुलिस कार्रवाई नहीं, बल्कि महिला नेतृत्व, साहस और संवेदनशीलता का भी उदाहरण है. कंचन सिंह ठाकुर ने साबित किया कि दृढ़ संकल्प और त्वरित निर्णय क्षमता से कठिन से कठिन अपराधों का भी सफलतापूर्वक खुलासा किया जा सकता है.

वर्तमान में वे नर्मदापुरम कोतवाली की कमान संभाल रही हैं. इससे पहले सोहागपुर, पथरौटा और केसला जैसे महत्वपूर्ण थानों में भी उन्होंने अपनी उत्कृष्ट सेवाओं से पहचान बनाई है. उनका यह सम्मान प्रदेश की महिलाओं और बेटियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत माना जा रहा है.